# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

## Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


Ref.No- 830 /EXAM/VMSBUTU/2026 Date- 12-06-2026

**सेवा में,**

**निदेशक/प्राचार्य,**
**समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,**
**बी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून।**

**विषयः** **सम–सेमेस्टर परीक्षा 2025-26 हेतु परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु शपथ–पत्र उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के सम–सेमेस्टर 2025-26 का परीक्षा का आयोजन दिनॉक–23 जून 2026 से कराया जाना प्रस्तावित है। इस कम में विश्वविद्यालय द्वारा इन परीक्षाओं हेतु संस्थावार परीक्षा केन्द्र की सूची एतद्साथ सलंग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि परीक्षाओं हेतु निर्दिष्ट संस्था को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु वांछित सुविधाओं यथा– Computer,Printer,Photocopy Machine, Internet, CCTV, Confidential Room, Security आदि की सूचना मॉगी जा रही है।

जैसा कि आपको विदित है कि विश्वविद्यालय की सत्र परीक्षाओं हेतु प्रश्न–पत्रों को Soft Copy में Password Protection के साथ निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षकों को email के माध्यम से प्रेषित किया जाता है। अतः email द्वारा Password Protection के साथ प्रेषित प्रश्न–पत्र के मुद्रण की कार्यवाही संबंधित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के 30-45 मिनट पूर्व (संस्था में प्रश्न–पत्रों के आधार पर) करायी जानी है। इस हेतु Password Protected Access निर्धरित समयावधि पर ही संस्था के निदेशक/केन्द्र अधीक्षक/पर्यवेक्षक को उनके विश्वविद्यालय में पंजीकृत अधिकारिक Mobile No के माध्यम से UMS पर निर्धारित परीक्षा कार्यकम के अनुसार प्रेषित किया जायेगा।

साथ ही सूच्य है कि विगत Academic Session 24-25 की परीक्षाओं की भॉति सभी निर्दिष्ट परीक्षा केन्द्रों पर समुचित Internet, Computer, Printer, Photocopier, Stationery की उपलब्धतता नितान्त अनिवार्य है, ताकि परीक्षाओं को विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित Password Protected प्रश्न–पत्रों को आवश्यकतानुसार समयान्तर्गत मुद्रित कराते हुये परीक्षा की कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके।

आपसे अपेक्षा है कि परीक्षा केन्द्रों की जानकारी से अवगत होते हुये यदि विश्वविद्यालय की सम–सेमेस्टर 2025-26 परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र बनाया गया है तो सलंग्न प्रपत्र पर शपथ पत्र (Rs-100/- Stamp Paper with Notorized) पूंर्ण करते हुये निजी क्षेत्र की संस्था के निदेशक व अध्यक्ष (Chairman/Director) से सयुंक्त हस्ताक्षर कराते हुये दिनॉक–17/06/2026 तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सरकारी क्षेत्र की संस्थाओं के निदेशक अपने स्तर से ही हस्ताक्षर कर पूर्ण शपथ पत्र प्रेषित करेंगे। साथ ही इसकी Scanned Copy को email-coe@uktech.ac.in पर निर्धारित तिथि से पूर्व प्रेषित करने का कष्ट करें। उक्त शपथ पत्र के अभाव में संबंधित संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र के रूप में निर्धारित नही किया जायेगा। यह भी सूचित करना है कि संस्थान के निदेशक इन परीक्षाओं हेतु केन्द्र अधीक्षक होंगे एवं वह किसी वरिष्ठ शिक्षक को सहायक केन्द्र अधीक्षक नामित कर सकते हैं, जिस कारण आपसे निदेशक (केन्द्र अधीक्षक) एवं सहायक केन्द्र अधीक्षक का नाम व मोबाइन न0 सूचित करने की अपेक्षा है।

**सलंग्न–यथोपरि।**

Swati

**(डॉ0 स्वाती सिंह राजपूत)**
**परीक्षा नियंत्रक।**

P.T.O.

# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

## Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)



Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने एवं समस्त संबंधितों को प्रेषण हेतु।
5. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0 स्वाती सिंह राजपूत)
परीक्षा नियंत्रक।

लय

## शपथ–पत्र

1. एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि संस्था————————————————————— के पास परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित–Computer, Printer, High Speed Internet Connectivity, Photocopier, Stationery की समुचित सुविधा उपलब्ध है।

2. संस्था में परीक्षा हेतु निर्धारित Control Room, परीक्षा कक्षों तथा Gallery इत्यादि में CCTV की सुविधा उपलब्ध है तथा परीक्षा प्रारम्भ होने से 1 घन्टें पूर्व व परीक्षा समाप्ति के 1 घन्टें बाद अथवा परीक्षा पाली की कार्यवाही सम्पूंर्ण होने तक की सम्पूंर्ण Recording संरक्षित कर संस्था में रखते हुए इसकी एक प्रति विश्वविद्यालय में सम्पूंर्ण परीक्षा समाप्ति के उपरान्त आवश्यक रूप से जमा करायी जायेगी।

3. परीक्षाओं को निर्वाध रूप से एवं पूर्ण सूचिता से कराये जाने हेतु संस्था में समुचित परीक्षा कर्मी यथा–Invigilator, Supporing Staff, Guard आदि उपलब्ध हैं एवं इनकी तैनाती परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु की जायेगी। इस परीक्षा हेतु Prof./Dr./Mr./Mrs...............................जिनका Mobile No........................ को सहायक केन्द्र अधीक्षक नामित किया जाता है।

4- इस परीक्षा केन्द्र पर email द्वारा प्रश्न–पत्र प्रेषण हेतु email ..........................एवं Password प्राप्त करने हेतु Whatsapp Mobile No.............................का प्रयोग किया जायेगा। इस हेतु केन्द्र अधीक्षक Prof./Dr./Mr./Mrs...............................जिनका Mobile No उपरोक्तानुसार इंगित है, से विश्वविद्यालय समुचित गोपनीय पत्राचार कर सकता है।

निदेशक / प्राचार्य (केन्द्र अधीक्षक)
नाम–
पता–
मोबाइल न0–
दिनांक–
संस्था का नाम–
स्थान–

अध्यक्ष नाम–
पता–
मोबाइल न0–
दिनांक–
संस्था का नाम–
स्थान–